07/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियम, 2025 का मसौदा नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियमों का मसौदा जारी किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि नियमों का उद्देश्य विकास और समावेशिता को बढ़ावा देते हुए व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करना है। मंत्रालय ने MyGov प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से अगले महीने की 18 तारीख तक जनता और हितधारकों से मसौदा नियमों पर टिप्पणियाँ आमंत्रित की हैं।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतपोल पोर्टल और तीन नए आपराधिक कानून विदेश भागने वालों को पकड़ने के लिए एक मजबूत तंत्र के रूप में काम करेंगे। आज नई दिल्ली में भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करते हुए, श्री शाह ने कहा कि यह जांच एजेंसियों और सभी राज्यों की पुलिस को एक सौ पचनानवें देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

0000000000000000000000

भारत में बच्चों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (HMPV) संक्रमण के सात मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें बेंगलुरु, नागपुर, तमिलनाडु और अहमदाबाद में मामले सामने आए हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस - HMPV से जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है। सचिव ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी को मजबूत करने और समीक्षा करने की सलाह दी है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनायक ने आज राजभवन, ईटानगर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आईपीआर अधिकारियों को राज्य में समावेशी विकास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए नए तरीके तलाशने की सलाह दी। राज्यपाल ने बुनियादी ढांचे, दूरसंचार, बागवानी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर भी विस्तार से चर्चा की, जहां काफी प्रगति हुई है और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में दिखाया जाना चाहिए। राज्यपाल के टी परनाइक ने ईटानगर से सत्तावन सदस्यीय अरुणाचल युवा दल को भी रवाना किया। यह दल आगामी 11 और 12 जनवरी को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विकसित भारत-राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे

0000000000000000000000

राज्य के मत्स्य पालन मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने कल गुवाहाटी में आयोजित पूर्वोत्तर क्षेत्र राज्यों की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अरुणाचल प्रदेश में हुई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला। यह बैठक मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल की अध्यक्षता में केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी। श्री वांगसू ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम के तहत राज्य की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर जोर दिया, जिसमें नए तालाबों, रेसवेस और मछली हैचरी के निर्माण के साथ-साथ बायोफ्लोक यूनिट्स, इंटीग्रेटेड फार्मिंग प्रेक्टिस और फीड मिल्स की शुरुआत शामिल है। श्री वांगसू ने कहा कि, इन प्रगतियों से 3,000 से अधिक किसानों को सीधे लाभ हुआ है, उनकी आय में वृद्धि हुई है और आर्थिक विकास में योगदान दिया है।

0000000000000000000000

गत सोमवार को दोईमुख पुलिस ने फर्जी फोनपे ऐप के जरिए दुकानदार को ठगने की कोशिश कर रहे तैतीस वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी असम के लखीमपुर जिले के ढेकियाजुली का निवासी हैं, जिसने गुमतो में एक दुकान पर जाकर 5,000 रुपये नकद मांगे और दावा किया कि उसने फोनपे ऐप के जरिए दुकानदार को ऑनलाइन पेमेंट किया हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोईमुख पुलिस ने आरोपी को गुमतो चेक गेट से गिरफ्तार किया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त तायी ताग्गू ने कल अपने कार्यालय कक्ष में आठ एपीएसटी विवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र सौंपे, जिनमें प्रमुख सार्वजनिक नेता और अधिकारी भी शामिल थे। इस अवसर पर बोलते हुए श्री ताग्गू ने कहा कि विवाह प्रमाण पत्र एक आधिकारिक दस्तावेज है जो ईकोनॉमिक्स और स्टेटिस्टिक्स विभाग द्वारा जारी किया जाता है और विवाह का वैध प्रमाण होता हैं। उपायुक्त ने कहा कि पंजीकरण की प्रक्रिया न केवल रिश्ते को कानूनी मान्यता देती है, बल्कि रिश्ते में गड़बड़ी होने पर यह पति-पत्नी को कुछ सुरक्षा भी प्रदान करती है।

0000000000000000000000

भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरवायु भर्ती दो हजार छब्बीस चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हैं। उम्मीदवार वेब पोर्टल www.agnipathvayu.cdac.in पर खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कर सकते हैं जो अगले 27 जनवरी तक खुला रहेगा।

0000000000000000000000

केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा चार सौ उनासी के प्रावधानों को लागू करने को कहा है, ताकि कैदियों को राहत मिल सके। यह धारा विचाराधीन कैदियों को राहत प्रदान करती है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है।

0000000000000000000000

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि टीबी मुक्त भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर भागीदारी, सक्रिय भागीदारी और राष्ट्रव्यापी प्रतिबद्धता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन के लिए 100-दिवसीय सघन अभियान टीबी उन्मूलन के लिए एकजुट दृष्टिकोण का उदाहरण है, जिसमें विभिन्न हितधारकों की ताकत का लाभ उठाया गया है। श्री नड्डा ने टीबी मुक्त भारत अभियान- 100-दिवसीय सघन अभियान के लिए संबंधित मंत्रालयों के साथ एक संयुक्त रणनीति बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

0000000000000000000000